छठी रिपोर्ट

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

को लागू करना

(01.01.2011 से 31.12.2011)

राज्य सूचना आयोग,
हरियाणा।

एस.सी.ओ नं0 70 – 71, 114 – 115,	Website: www.cicharyana.gov.in
सैक्टर – 8 सी, चण्डीगढ – 160 009	e-mail: ussichry@yahoo.co.in

विषय सूची		
अध्याय	विषय	पृष्ठ संख्या
1	अध्याय 1: प्रस्तावना	3 – 4
2	अध्याय 2: हरियाणा राज्य सूचना आयोग का गठन	5 – 9
3	अध्याय 3 : वेतन एंव भत्ते	10
4	अध्याय 4: सूचना के अधिकार अधिनियम का प्रशासन	11 – 16
5	अध्याय 5: परीक्षण करना व विवरण देना	17 – 19
6	अध्याय 6: शिकायतें एंव अपीलों की स्थिति	20 – 24
7	अध्याय 7: अधिनियम के बारे में जानकारी का सृजन	25 – 26
8	अध्याय 8: सुधार के लिये सिफारिशें	27 – 29
अनुबंध 'क'	सूचना का अधिकार नियम, 2009	30 – 39
अनुबंध 'ख'	लोक प्राधिकरणों से प्राप्त सूचना	40 – 55
अनुबंध 'ग'	प्रमुख लोक प्राधिकरण जिनसे जानकारी प्राप्त नहीं हुई	56 – 60
अनुबंध 'घ'	दंड का ब्यौरा जो राज्य लोक सूचना अधिकारियों पर लगाया गया	61 – 66
अनुबंध 'ड़'	सूची जिन मामलों में अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की सिफारिश की गई	67 – 68
अनुबंध 'च'	अपीलकर्ता/शिकायतकर्ता को मुआवजा दिये जाने का ब्यौरा	69 – 93

अध्याय – 1
प्रस्तावना

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005, 15 जून, 2005 को अपनी प्रस्तावना के साथ कानून के रूप में अस्तित्व में आया जिस का पठन निम्न प्रकार से है: –

''प्रत्येक जन प्राधिकारी के कार्यो में पारदर्शिता और जवाबदेही को प्रोन्नत के लिये जन प्राधिकारी के नियत्रंण अधीन नागरिकों को सूचना की पंहुच निश्चित करने के लिये केंन्द्रीय सूचना आयोग और राज्य सूचना आयोगों का गठन तथा सूचना के अधिकार के व्यवहारिक शासन प्रणाली स्थापित करने के लिये उसके साथ संबंधित विषयों या उसके साथ अनुसंधित विषयों को उपलब्ध करने के लिये एक अधिनियम।''

1.2 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 अक्तूबर 12, 2005 (इसके अधिनियम बनने से 120 वें दिन) को लागू किया गया लेकिन इसके कुछ प्रावधानों को इसके अधिनियम बनने अर्थात् 15 जून,2005 से ही लागू किया गया। इन प्रावधानों में जन प्राधिकारियों के कर्तव्य, सूचना आयोगों को, जन सूचना अधिकारियों/सहायक जन सूचना अधिकारी के पदों को विभिन्न सक्षम जन प्राधिकारियों द्वारा कानून बनाने की शक्तियां शामिल हैं। अधिनियम की विस्तृत पंहुच है और इसके कार्यक्षेत्र में विकासों की एक लम्बी श्रृंखला आती है। सभी विभाग, सरकार के उपक्रम, शहरी स्थानीय निकाय, पंचायती राज संस्थाए और अन्य सरकार द्वारा स्थापित, गठित, अपनाई, नियत्रिंत या वित्त पोषित की गई निकाय और गैर–सरकारी संगठनों सहित इस अधिनियम के कार्यक्षेत्र के अधीन आते हैं। इस अधिनियम के तहत सभी भारतीय नागरिकों तक सूचना की पंहुच कुछ घंटों के साथ सामान्य नियम ही जो छूट स्वंय अधिनियम में ही सुरक्षा की शर्तो के भी अधीन है।

1.3 कानून जैसा कि सैक्सन 25(1) में आदेशित किया गया है– उसे जरूरत होती है कि राज्य सूचना आयोग प्रत्येक वर्ष के अंत में, वर्ष के दौरान अधिनियम के प्रावधानों के कियान्वयन पर, जितना भी व्यवहारिक रूप से जरूरी हो सके एक वार्षिक रिपोर्ट तैयार करे और उसकी एक प्रति राज्य विधान सभा में रखने के लिये समुचित सरकार को अग्रेसित करे। राज्य सूचना आयोग, हरियाणा कैलेण्डर वर्ष 2011 के लिये छठी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करता है।

1.4 राज्य सूचना आयोग, हरियाणा 31 अक्तूबर, 2005 को अधिसूचित किया गया था और हरियाणा दिवस पर 1 नवम्बर, 2005 को अस्तित्व में आया। हरियाणा दिवस, वर्ष 1966 में हरियाणा

राज्य के गठन को स्मरण करा रहा है। आयोग ने अक्तूबर, 2011 में अपने छठे वर्ष को पूरा किया है। वार्षिक रिपोर्ट अधिनियम के सैक्सन 25(2) के तहत प्रदत्त जिम्मेदारियों के अनुसार जन प्राधिकारियों द्वारा अधिनियम के कियान्वयन की स्थिति पर ही प्रकाश डालती है। प्रत्येक जन प्राधिकारी को की गई असंख्य निवेदनों और राज्यों सूचना आयोग को भेजी गई बहुत सी अपीलों के पुनः निरीक्षण, अपीलों की किस्मों और परिणामों पर उनके कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत कार्यरत जन प्राधिकारियों के संबंध में सूचना एकत्रित करना और राज्य सूचना आयोग को उपलब्ध करवाना प्रत्येक विभाग का कर्तव्य बनता है। प्रत्येक विभाग बहुत फैसलों की भी सूचना देगा जहां पर अपीलकर्ता दस्तावेजों तक पंहुच का पात्र नहीं है और इन फैसलों को करते समय अधिनियम के प्रावधान लागू किये गये थे विभाग उनके बारे में सूचित करेगा। इस अधिनियम के प्रशासन के बारे में किसी अधिकारी के विरूद्व की गई किसी अनुशासनात्मक कार्रवाई और इस अधिनियम के तहत प्रत्येक जन प्राधिकारी द्वारा एकत्रित की गई दोषारोपण की राशि को भी सूचित किया जायेगा। इस अधिनियम की भावना और इरादे को लागू करने और संचालन करने के लिये जन प्राधिकारियों द्वारा किये विशेष प्रयासों को आयोग के नोटिस में लाया जायेगा। नागरिकों के सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रभावशाली कार्यान्वयन के लिये विकास, सुधार और आधुनिकरण कर सिफारिशों सहित जन प्राधिकारी सुधार के लिये सिफारिश करेंगे। एक विशिष्ठ जन सूचना अधिकारी सूचना पंहुच के बारे में और इसके आदेशित कठिन कार्य और कार्यशैली के दृष्टिगत इस अधिनियम के सुधारों या संशोधन के लिये विशेष सिफारिशें कर सकता है।

1.5 राज्य सूचना आयोग, हरियाणा तदानुसार जन प्राधिकारियों से निर्धारित रूपरेखा में रिपोर्ट सादर आमंत्रित करता है।

अध्याय – 2

राज्य सूचना आयोग, हरियाणा का गठन

2.1 सूचनाअधिकार अधिनियम, 2005 का सैक्सन 15 देश के प्रत्येक राज्य सूचना आयोग के गठन का प्रावधान करता है। तदानुसार हरियाणा राज्य ने 31 अक्तूबर, 2005 को अपने राजकीय गजट में अधिसूचना द्वारा राज्य सूचना आयोग, हरियाणा के रूप में जानी जाने वाली एक निकाय का गठन किया। आयोग ने 1.11.2005 से कार्य करना शुरू कर दिया। श्री जी.माधवन, आई.ए.एस (रिटायर्ड) प्रथम राज्य मुख्य सूचना आयुक्त थे। उन्होनें अवधि पूर्ण करने के उपरांत दिनांक 28.10.2010 को कार्यालय छोड़ दिया। श्रीमती मीनाक्षी आनन्द चौधरी, आई.ए.एस (रिटायर्ड), सूचना आयुक्त महोदया ने राज्य मुख्य सूचना आयुक्त का पदभार दिनांक 29 अक्तूबर, 2010 को संभाला और दिनांक 28 अप्रैल, 2011 को कार्यालय छोड़ दिया। इन विभुतियों ने अपने विस्तृत प्रशासनिक अनुभव के आधार पर आयोग और इसके तंत्र की मजबूत नींव की स्थापना की। श्री नरेश गुलाटी, आई.ए.एस (रिटायर्ड) ने दिनांक 20.05.2011 (बाद दोपहर) को तुरंत प्रभाव से राज्य मुख्य सूचना आयुक्त का पदभार संभाल लिया। वर्ष 2011 कलैंडर वर्ष के दौरान आयोग में निम्नलिखित शामिल थे:–

नाम	नियुक्ति	पदभार संभालने की तिथि
श्रीमती मीनाक्षी आनन्द चौधरी, आईएएस (से0नि0)	मुख्य सूचना आयुक्त	29.10.2010
श्री नरेश गुलाटी, आईएएस (से0नि0)	मुख्य सूचना आयुक्त	20.05.2011 (बा. दो0)
श्रीमती आशा शर्मा, आई ए एस (से0नि0)	राज्य सूचना आयुक्त	03.01.2008
श्री एम.आर.रंगा	राज्य सूचना आयुक्त	03.01.2008
श्री प्रेम वीर सिंह	राज्य सूचना आयुक्त	03.01.2008

अधिनियम में राज्य मुख्य सूचना आयुक्त और दस राज्य सूचना आयुक्तों की व्यवस्था है। वर्ष 2011 के दौरान तीन राज्य सूचना आयुक्त पदासीन थे और शेष पद भरे नहीं गये थे।

आयोग का मुख्यालय एंव इसकी कार्यप्रणाली

2.2 आयोग का मुख्यालय चंडीगड़ में है। राज्य सरकार ने आयोग का कार्यालय स्थापित करने के लिये सैक्टर 8 – सी, मध्यमार्ग, चंडीगढ में एस.सी.ओ. नं0 70 – 71 (प्रथम तल) और एस.सी.ओ. नं0 114 – 115 (भू एंव प्रथम तल) आवंटित कर दिये।

2.3 शिकायतकर्ताओं, अपीलकर्ताओं, पदासीन राज्य जन सूचना अधिकारियों और प्रथम अपीलीय प्राधिकारियों की सुविधा के दृष्टिगत आयोग ने मंडलीय मुख्यालयों पर भी सुनवाई करनी शुरू कर दी। सभी दावेदारों के समय और कीमत की बचत के अतिरिक्त इससे तीव्र निपटान की तरफ रास्ता अग्रसर हुआ। दूर – दराज के स्थानों जैसे महेन्द्रगढ़, रिवाड़ी, मेवात, गुड़गांव, पलवल, फरीदाबाद, हिसार, सिरसा, फतेहाबाद और जींद जिलों के शिकायतकर्ताओं और अपीलकर्ताओं ने आयोग के इस फैसले का स्वागत किया। उत्तरवादियों ने भी इस शुरूआत का समानरूप से स्वागत किया।

राज्य सूचना आयुक्तों को बजट का आवंटन

2.4 राज्य सरकार ने राज्य सूचना आयुक्त, हरियाणा को इसकी जरूरतें पूरी करने के लिये धनराशियों का आंवटन किया। राज्य सरकार ने आयोग के अस्तित्व से वर्ष 2011 – 2012 तक लेखा शीर्ष "2010 – अन्य प्रशासकीय सेवायें – नान प्लान के तहत निम्नलिखित आंवटन किये हैं: –

वर्ष	आवंटित राशि (रूपये लाखों में)	
	मौलिक	अन्तिम
2005 – 2006	30.00	26.79
2006 – 2007	140.04	126.00
2007 – 2008	167.94	135.05
2008 – 2009	244.27	212.02
2009 – 2010	265.62	233.04
2010 – 2011	269.34	223.74
2011 – 2012	257.97	–

2.5 वर्ष 2010 – 2011 ओर 2011 – 2012 की धनराशियों का विभिन्न उप – शीर्षो के तहत अलग – 2 विवरण निम्न प्रकार है:

(रूपये लाख में)

क्रम संख्या	मद	2010 – 2011 (अंतिम)	2011 – 2012 (अंतिम)
1	वेतन	108.02	96.3 0
2	महंगाई भत्ता	41.02	40.52
3	यात्रा खर्च	1.77	4.50
4	कार्यालय खर्च	28.92	40.00
5	मोटर – गाड़ी	1.46	16.00
6	तेल	5.11	9.90
7	चिकित्सा खर्च	0.80	6.20
8	अनुबन्ध सेवाएं	26.94	20.00
9	व्यवसायीक एंव विशिष्ट सेवाएं	00.00	10.00
10	एल.टी.सी	05.00	07.45
11	सूचना प्रौद्यौगिकी	4.70	7.10
	कुल जोड़	223.74	257.97

2.6 राज्य सरकार ने आयोग के लिये सुचारू ढंग से कार्य करने के लिये निम्नलिखित पदों को स्वीकृत किया: –

क्रम संख्या	नाम और पदों की संख्या	स्वीकृत वेतनमान संशोधित वेतनमान
1	एक मुख्य सूचना आयुक्त	90000 / – रूपये निर्धारित
2	तीन राज्य सूचना आयुक्त	80000 / – रूपये निर्धारित
3	एक सचिव (संयुक्त सचिव के स्तर से)	37400 – 67000 रूपये का वेतन बैंड + 8000 रूपये का ग्रेड वेतन
4	सी.आई.सी का एक वरिष्ठ सचिव	15600 – 39100 रूपये का वेतन बैंड + 7600 रूपये का ग्रेड वेतन
5	एक अवर सचिव	15600 – 39100 रूपये का वेतन बैंड + 6000 रूपये का ग्रेड वेतन
6	तीन एस.आई.सी के निजी सचिव	9300 – 34800 रूपये का वेतन बैंड + 5400 रूपये का ग्रेड वेतन
7	विधि अधिकारी	जैसा कि पारिश्रमिक आयोग द्वारा निश्चित किया जाये।
8	एक अनुसंधान अधिकारी – कम – सलाहकार	9300 – 34800 रूपये का वेतन बैंड + 4600 रूपये का ग्रेड वेतन
9	एक अधीक्षक	9300 – 34800 रूपये का वेतन बैंड + 4200 रूपये का ग्रेड वेतन और 200 रूपये का विशेष वेतन
10	एक प्रोग्रामर	9300 – 34800 रूपये का वेतन बैंड + 4200 रूपये का ग्रेड वेतन लेकिन हाट्रोन के माध्यम से अनुबंध आधार पर नियुक्त करने की स्वीकृति दी जाती है।
11	पांच निजी सहायक	9300 – 34800 रूपये का वेतन बैंड + 4200 रूपये का ग्रेड वेतन
12	दो सहायक	9300 – 34800 रूपये का वेतन बैंड + 3600 रूपये का ग्रेड वेतन
13	एक लेखा सहायक	9300 – 34800 रूपये का वेतन बैंड + 3600 रूपये का ग्रेड वेतन
14	चार रीडरज़	9300 – 34800 रूपये का वेतन बैंड + 3600 रूपये का वेतन ग्रेड
15	एक कनिष्ठ स्तर स्टैनोग्राफर	5200 – 20200 रूपये का वेतन बैंड + 2400

		रूपये का वेतन ग्रेड
16	चार स्टैनो टाईपिस्ट	5200 – 20200 रूपये का वेतन बैंड + 1900 रूपये का वेतन ग्रेड और 100 रूपये विशेष वेतन
17	सात लिपिक – कम – कम्प्यूटर आप्रेटरज़	5200 – 20200 रूपये का वेतन बैंड + 1900 रूपये का वेतन ग्रेड और 40 रूपये विशेष वेतन
18	छः चालक	5200 – 20200 रूपये का वेतन बैंड + 2400 रूपये का वेतन ग्रेड और 300 रूपये विशेष वेतन
19	पन्द्रह सेवादार	4440 – 7440 रूपये का वेतन बैंड + 1300 रूपये का वेतन ग्रेड और 30 रूपये विशेष वेतन

2.7 31 दिसम्बर, 2011 को सचिव और विधि सलाहकार के पद को छोडकर, आयोग में सभी पद भर लिये गये। एक नीति के तहत, सारा स्टाफ स्थानान्तरण के आधार पर हरियाणा सिविल सचिवालय, राजस्व और आपदा प्रबन्धन और राज्य सरकार के अन्य विभागों से लिया गया। जब स्थानान्तरण के आधार पर कर्मचारी उपलब्ध नहीं करवाये गये तो नियुक्तियां अनुबंध आधार पर या चिन्हित की गई बाह्य – संसाधनों वाली ऐजेन्सियों के माध्यम से की गई।

अध्याय – 3

वेतन एवं भत्ते

3.1 राज्य सरकार ने राज्य मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्तों के देय वेतन और भत्ते तथा सेवा की शर्तें व स्थितियां आर.टी.आई – एक्ट के सैक्सन 16 के उप सैक्सन(5) के तहत प्रदत्त प्रावधानों के अनुसार स्वीकृत की हैं।

क. राज्य मुख्य सूचना आयुक्त, राज्य के चुनाव आयुक्त के पद के समकक्ष होगा।

ख. राज्य सूचना आयुक्त, राज्य सरकार के मुख्य सचिव के समान होगा।

3.2 राज्य सूचना आयुक्त, हरियाणा के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के देय वेतन व भत्ते राज्य सरकार के अन्य कर्मचारियों के समान होगें। अनुबन्ध आधार पर या बाह्य – संसाधनों के माध्यम से नियुक्त स्टाफ अनुबन्ध दरों पर अदायगी के पात्र होंगे जो न्यूनतम वेतन से किसी तरह कम नहीं होगी।

अध्याय – 4

सूचना के अधिकार अधिनियम का प्रशासन

4.1 जन प्राधिकारी के रूप में एस.आई.सी द्वारा सैक्सन 4 का कार्यान्वयनः –

सूचनाधिकार अधिनियम, 2005 का सैक्सन 4, एक समुचित समय के अन्तर्गत सूचना अधिकार को सुविधा जनक बनाने के लिये सभी रिकार्डो का बकायदा कैटालोग व सूची–वद्ध करना, सभी रिकार्डो का कम्प्यूटरीकरण करके संजो कर रखना और इस अधिनियम के लागू होने से 120 दिनों के अन्तर्गत सैक्सन 4(1)(बी) में वर्णन की गई सभी सूचना के प्रकटीकरण की पंहुच व तत्परता के दृष्टिगत संसाधनों और नेटवर्क की उपलब्धता को सुविधाजनक बनाने के अधीन तथा कम लागत स्थानीय भाषा और संचार के साधनों की क्षमता के दृष्टिगत सभी नागरिकों के प्रयोग के लिये नियमित अवधि पर अध्यतन करना और विभिन्न माध्यमों से जैसे इलैक्ट्रोनिक व प्रिंट मिडिया, नोटिस बोर्डो, पब्लिक नोटिसों, वैब साईटस आदि से प्रचार करना सभी जन प्राधिकारियों पर लागू होता है। यह सुनिश्चित करने के लिये कि सूचना तक पंहुच के लिये एक्ट के तहत आवेदन दायर करने के लिये नागरिकों के लिये अधिकत्तम सहारा है जिसके लिये महत्वपूर्ण दर्शन है कि जितनी भी सम्भव हो सके उतनी ही अधिक से अधिक प्रकट करने योग्य सूचना को जनता के ज्ञान–क्षेत्र के अन्दर डाला जाये।

4.2 सैक्सन 4(1)(ए) को लागू करने के लिये एस.आई.सी का प्रंबंधः

अधिनियम की आवश्यकताओं की परिपालना करने के लिये, आयोग ने आई.टी–इनेबलमैंट स्कीम के तहत रिकार्ड के कम्प्यूटरीकरण की एक परियोजना हाथ में ली है जिसके लिये

कर्मचारी–वर्ग कल्याण एंव प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली ने केन्द्रीय बलशाली क्षमता निर्माण और जागृति सृजन शीर्षक से प्लान स्कीम के तहत आर.टी.आई–एक्ट को प्रभावशाली ढंग से लागू करने के लिये धनराशि दी है। आयोग ने वर्ष 2010 तक की अपीलों/शिकायतों की फाईलों को 'डिजीटाईजिंग' के द्वारा रिकार्ड को कैटालोग बनाकर सूचीबद्व किया है।

4.3 सैक्सन 4(1)(बी) के लिये व्यवस्था:

राज्य सूचना आयोग, हरियाणा ने एक्ट के सैक्सन 4(1)(बी) के तहत आदेशित स्वतः ही सूचना को अपनी वैबसाईट www.cicharyana.gov.in पर रख दिया है। आयोग ने विभिन्न श्रेणियों की सूचना के कानूनन पुर्न–निरीक्षण के लिये अधिकारियों की जिम्मेदारियों को भी परिभाषित किया है। अधिकारियों को अपने क्षेत्र की जिम्मेदारियों से संबंधित सूचना के छमाही पुर्नः निरीक्षण को सम्पन्न करने की आवश्यकता है और आयोग की वैबसाईट में शामिल करने के लिये अपनी इस परिवर्तित और संशोधित जानकारी को प्रोग्रामर को भेजने की भी जरूरत है।

4.4 अन्य जन प्राधिकारियों द्वारा स्वतः सूचना का प्रकटीकरण:

आयोग ने अवलोकन किया कि अधिनियम की घोषणा से ही सरकार के कार्य करने की प्रणाली से संबंधित वास्तविक सूचना स्वतः प्रकट कर दी गई है और इसे जन प्राधिकारी की वैबसाईट पर डाल दिया गया है। पूर्ववत स्वतः सकिय सूचना के प्रकटीकरण में और अधिक सुधार की आवश्यकता है। सैक्सन 4(2) और सैक्सन 4(3) इस सूचना के प्रचार की प्रणाली की व्याख्या करते हैं। सैक्सन 4 के तहत स्वतः प्रकटीकरणों का उद्देश्य जन

प्राधिकारियों के कार्य को अधिक पारदर्शी बनाने और व्यक्तिगत आर.टी.आई – आवेदनों को दायर करने को भी कम करने के लिये पूर्ववत सक्रिय प्रकटीकरण के आधार पर जनता के ज्ञान – क्षेत्र पर अधिक से अधिक सूचना को रखना है। यह अनुभव किया गया है कि आर. टी.आई – एक्ट के सैक्सन 4 का कमजोर कियान्वंयन आंशिकरूप से इस तथ्य के कारण है कि इस सैक्सन के कुछ प्रावधानों का विस्तृत विवरण पूरी तरह से नहीं दिया गया है। फिर, यह सुनिश्चित करने के लिये एक परिपालना मशीनी करण स्थापित करने की आवश्यकता है कि सैक्सन 4 के तहत की जरूरतें पूरी कर दी गई हैं। यह सुनिश्चित करने के लिये कि एक नागरिक को सूचना प्राप्त करने के लिये अधिनियम के प्रयोग का कम से कम सहारा लेना पडे तो नागरिक चार्टर, स्वैच्छिक एंव अनैच्छिक अनुदान, अधिकारियों/मन्त्रियों के विदेशी दौरे, जन प्राधिकरण में सेवारत विभिन्न काडर के कर्मचारियों की स्थानान्तरण नीति और स्थानान्तरण आदेशों, जन प्राधिकरणों की सरकारी खरीद नीति, विभागीय, महा लेखाकार, सी ए जी व पी ए सी लेखा परीक्षण पैराज और की गई कार्रवाई की रिपोर्ट आदि से संबंधित अधिकतर सूचना अधिनियम के सैक्सनों 8 से 11 तक को विचार में रखते हुये पूर्ववत ही सक्रियरूप से प्रकट कर देनी चाहिये। इस स्वतः प्रकटीकरण का परिणाम जन प्राधिकारियों के कार्य को अधिक कुशल एंव पारदर्शी बनाना होगा जो आगे फिर व्यक्तिगतों द्वारा आर.टी.आई – आवेदनों को दायर करने की आवश्यकता को कम करेगा।

4.5 सूचना उपलब्ध करवाने के लिये पर्याप्त स्टाफ और बजट के प्रावधानः

जन प्राधिकारियों को सूचना उपलब्ध करवाने के लिये सूचना के अधिकार के तहत जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिये पर्याप्त स्टाफ और बजट उपलब्ध करवाने की

आवश्यकता है। आयोग निरन्तररूप से राज्य सरकार को मूलभूत सरंचना जैसे कि स्टाफ, फोटोप्रतियां मशीनें, कम्पयूटरज आदि को प्रशासनिक मशीनरी के जिला एंव खंड स्तर पर मजबूत बनाने की सिफारिश कर रहा है। सरंचना की अनुपस्थिति में, कभी–2 सूचना प्राप्त करने वालों को अस्पष्ट सूचना उपलब्ध करवा दी जाती है। इन कठिनाईयों को उन प्रतिकियांओं में लगातार रूप से कहा गया है जो जनता के सदस्य, राज्य जन सूचना अधिकारी और अन्य दावेदारों के साथ की थी। इसके अतिरिक्त इनको आयोग के सामने जन सुनवाईयों में भी उठाया जा रहा है। इसलिये, सूचना उपलब्ध करवाने के लिये आर.टी. आई, एक्ट को लागू करने हेतु राज्य सरकार बजट का कुछ प्रतिशत अकिंत कर सकती है। एक्ट के तहत पदासीन अधिकारियों को लेखन सामग्री और कार्यालय उपकरणों की खरीद के लिये पर्याप्त प्रावधान किये जायें।

4.6 आर.टी.आई.–एक्ट के तहत कीमत व फीस के नियम:

सूचनाधिकार अधिनियम, 2005 के सैक्सन 27(1) के अनुसार, अधिनियम के नियमों को लागू करने के लिये राज्य सरकार को नियमों के बनाने की आवश्यकता है। राज्य सरकार ने 28 अक्तूबर, 2005 को हरियाणा सूचना का अधिकार नियम, 2005 को अधिसूचित किया था। इन नियमों को संशोधित किया गया और संशोधित हरियाणा सूचना का अधिकार नियम 21 दिसम्बर, 2009 को अधिसूचित किये गये। ये नियम दिनांक 01.01.2010 से तुरंत प्रभाव से लागू कर दिये गये । इन नियमों की प्रति अनुबंध 'बी' पर सलंग्न की गई है। वर्ष 2009 में सूचना के प्रत्येक पृष्ठ के लिये निर्धारित फीस 10/–रू0 से कम करके 2 /–रू0 प्रति पृष्ठ कर दी गई और जिसका अपीलकर्ताओं द्वारा बडा स्वागत किया गया। एक्ट के सैक्सन

7 के उप सैक्सन (1) के तहत निर्धारित समय के अन्तर्गत सूचना देने को सुनिश्चित करने के लिये, हरियाणा सूचना का अधिकार नियम, 2005 के उप नियम 4(4) में आवेदन की प्रतियों से अतिरिक्त फीस मांगने के लिये शब्द 'सात' दिनों को भी 'तत्परता' के साथ बदल दिया गया।

4.7 <u>सक्षम प्राधिकारीः–आर.टी.आई.–एक्ट,2005 के सैक्सन 2(ई) के तहत निम्नलिखित प्राधिकारियों को सक्षम प्राधिकारियों के रूप में परिभाषित किया गया हैः–</u>

(क) राज्य विधान सभा का अध्यक्ष और राज्य विधान परिषद के मामलें में चेयरमैन

(ख) राज्य का राज्यपाल; और

(ग) उच्च न्यायालय और अधिनस्थ न्यायालयों के मामले में उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश।

एक्ट के सैक्सन 28(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके ये सक्षम प्राधिकारी अधिनियम के प्रावधानों का पालन करने के लिये अपने स्वंय के नियम बना सकते हैं। राज्य विधानसभा और राज्पाल के जन प्राधिकारियों में जैसा कि हरियाणा सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है उन हरियाणा सूचना का अधिकार नियमों, 2009 का अनुसरण करने का फैसला किया है। फिर भी, पंजाब एंव हरियाणा उच्च न्यायालय को जन प्राधिकरण अपने नियमों नामतः पंजाब एंव हरियाणा(सूचना का अधिकार) उच्च न्यायालय ने नियम, 2007 और हरियाणा अधिनस्थ न्यायालय (सूचना का अधिकार) नियम,2007 जैसे कि दिनांक 31.03.2014 को संशोधित किये गये उन्ही को अधिसूचित किया है। उच्च न्यायालय के जन

प्राधिकारी ने नियमों को अपनी वैबसाईट www.highcourtchd.gov.in पर 'अपलोड' किया है।

4.8 <u>हरियाणा राज्य द्वारा जारी की गई छूट:-</u>

आर.टी.आई.-एक्ट,2005 के सैक्सन 24(4) में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुये हरियाणा राज्य में निम्नलिखित छः राज्यों के इंटैलिजैंस एंव सुरक्षा संगठनों को अधिसूचना नं0 5/4/2005-1 ऐ.आर, दिनांक 29.12.2005 के माध्यम से छूट प्रदान कर दी:-

- राज्य अपराधिक जांच विभाग (सी.आई.डी.) अपराध शाखा समेत;
- हरियाणा सशस्त्र पुलिस;
- पुलिस के सुरक्षा संगठन;
- हरियाणा पुलिस दूर संचार संगठन;
- भारतीय रिजर्व बटालियन;
- कमाण्डो।

अध्याय–5

परीक्षण करना व विवरण देना

5.1 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 जन प्राधिकारियों के कार्यों में पारदर्शिता को प्रोन्नत करने और उन्हें जन सामान्य के प्रति जवाब देह बनाने की ओर अग्रसर होता है। एक्ट के सैक्सन 6 और 7 में राज्य जन सूचना अधिकारियों के माध्यम से जन प्राधिकारियों के पास रखी सूचना को सूचना मांगने वालों को उपलब्ध करवाने के लिये पद्वति और समय–सारणी को निर्धारित किया गया है। एक्ट का सैक्सन 25(2) प्रत्येक विभाग या जन उपक्रम को जन प्राधिकारियों के संबंध में उनके अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आर.टी.आई–एक्ट से संबंधित आंकड़ो को संजोयें रखने और उन्हें आयोग द्वारा वार्षिक रिपोर्ट तैयार करने के लिये राज्य सूचना आयोग को उपलब्ध करवाने के लिये आदेशित करता है। आयोग ने, जन प्राधिकारियों द्वारा आंकड़े उपलब्ध करवाने में अत्यधिक देरी करने जिससे ड्राफ्ट वार्षिक रिपोर्ट को तैयार करने और इसे राज्य विधानसभा के समक्ष रखने में देरी होती है, इस सब को नोट किया। आयोग को 88 जन प्राधिकारियों से आंकड़े प्राप्त हुये। शेष जन प्राधिकारियों ने जवाब नहीं दिया। यहां तक जिन विभागों ने जवाब दिया उन्होंने सैक्सन 25(2) के तहत समय के अन्तर्गत आंकड़े उपलब्ध नहीं करवाये और रिपोर्ट तैयार नहीं की। जन प्राधिकारियों ने जवाब दिया लेकिन देरी से, उनको अनुबंध 'ए' पर रखा गया है। एकत्रित आंकड़ों को अनुबंध 'बी' पर संलग्न किया गया है। विभागों की सूची जिन्होनें मोनिटरिंग और रिपोर्टिंग के बारे में सैक्सन 25 की आवश्यकताओं की परिपालना नहीं की अनुबंध 'सी' पर रखी हुई है।

5.2 दिनांक 01.01.2011 से 31.12.2011 के दौरान उपलब्ध सूचना के अनुसार रिपोर्टिंग जन प्राधिकारियों द्वारा कुल 54057 आवेदन प्राप्त किये गये थे। आर.टी.आई–एक्ट,2005 के कमशः सैक्सन 8 और 9 के तहत छूट के प्रावधानों की वजह से 1277 एंव 46 केसों में सूचना तक पंहुच पर रोक लगा दी गई थी। इस तरह कुल केसों के लगभग 2.45 प्रतिशत को सूचना तक पंहुच से इनकार कर दिया गया। रिपोर्टाधीन समय के दौरान कुल 17,97,811 रूपये की राशि निर्धारित आवेदन फीस और 5,15,300 रूपये की राशि अतिरिक्त फीस के रूप में अपीलकर्ताओं द्वारा जमा करवाई गई। निपटान का वर्गीकरण और उनकी प्रतिशतता यहां पर नीचे दी गई है:–



5.3 अधिनियम को प्रोन्नतरूप से लागू करने के लिये जन प्राधिकारियों से प्राप्त सुझावः–

आर.टी.आई–एक्ट, 2005 को लागू करने में सुधार लाने के लिये एक्ट के सैक्सन 25(2) के तहत रिपोर्टो के भाग के रूप में जन प्राधिकारियों से कुछ सुझाव प्राप्त किये गये हैं। ये सिफारिशें निम्न प्रकार से हैंः–

(क) कपटपूर्ण एंव लम्बी–चौड़ी सूचना आर.टी.आई–अपीलकर्ताओं द्वारा मांगी जा रही है जो न केवल स्टाफ के ध्यान को बांटती है बल्कि ऐसी सूचना को एकत्रित करने में संसाधनों का भी दुर्पयोग होता है जिससे कोई भी जन उद्देश्य की पूर्ति नहीं होती।

(ख) जन प्राधिकारियों द्वारा वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों को राज्य जन सूचना अधिकारी और प्रथम अपीलीय प्राधिकारियों के पदों पर नियुक्ति करनी चाहिये।

(ग) नियमित समय अंतरालों पर प्रशिक्षण और रिफरैशर– कोर्सिज करवाने के लिये पर्याप्त व्यवस्था करने की आवश्यकता है।

(घ) अधिनियम के तहत बी.पी.एल अपीलकर्ताओं पर सूचना मांगने के लिये कुछ प्रतिबंध लगाने चाहियें।

अध्याय – 6

शिकायतें एवं अपीलों की स्थिति

6.1 राज्य सूचना आयोग सैक्सन 18 (2) के तहत शिकायतें प्राप्त करने और जांच करने के लिये मौलिक क्षेत्राधिकार और सैक्सन 19(3) के तहत प्रथम अपीलीय अधिकारी के आदेश के विरूद्ध द्वितीय अपीलों को प्राप्त करने के अपीलीय क्षेत्राधिकार का प्रयोग करता है। दिनांक 01.01.2011 और 31.12.2011 के बीच में 524 शिकायतें दर्ज की गई और दिनांक 31.12.2010 से 82 केसों को आगे लाया गया। 413 केसों में आदेश पारित किये गये और दिनांक 31.12.2011 को 193 केस लम्बित पड़े हुये थे।

सैक्सन 18(2) के तहत शिकायतों का विवरण निम्न प्रकार से है:–

दिनांक 31.12.2010 को लम्बित केस	रिपोर्टाधीन समय के दौरान दायर की गई शिकायतें		अवधि के अर्न्तगत किये गये फैसले	दिनांक 31.12.2011 को लम्बित केस
	1.1.2011 से 31.12.2011 तक	कुल जोड़		
82	524	606	413	193



दिनांक 01.01.2011 से 31.12.2011 के बीच 3916 अपीलें की गई थीं और दिनांक 31.12.2010 से 822 केसों को आगे लाया गया। 2859 केसों में आदेश पारित किये गये और दिनांक 31.12.2011 को 1879 केस लम्बित पडे हुये थे।

(II) सैक्सन 19(3) के तहत अपीलों का विवरण निम्न प्रकार से है:–

दिनांक 31.12.2010 को लम्बित केस	रिपोर्टाधीन समय के दौरान दायर की गई शिकायतें		अवधि के अर्न्तगत किये गये फैसले	दिनांक 31.12.2011 को लम्बित केस
	1.1.2011 से 31.12.2011 तक	कुल जोड़		
822	3916	4738	2859	1879



6.2 रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, अयोग ने जैसा आर.टी.आई.एक्ट, 2005 और हरियाणा सूचना के अधिकार नियम,2009 के तहत आदेशित किया गया है तदानुसार औपचारिकताओं को पूरा करने हेतु अपीलकर्ताओं को आवश्यक कार्यवाही करने की समुचित सलाह देते हुए 1902 मिले जुले आवेदनों को निपटा दिया। औपचारिकताओं को पूरा करने उपरांत इन निवेदनों पर शिकायत के रूप में सैक्सन 18(2) के तहत और अपील के रूप में सैक्सन 19(3) के तहत विचार किया गया।

6.3 राज्य सूचना आयोग पार्टियों को बुलाने और सुनने के बाद शिकायतों और अपीलों का फैसला करता है। उत्तरवादी एस.पी.आई.ओ. और एफ.ए.ए से लिखित टिप्पणियां मांगी जाती है और

अपीलकर्ता प्रत्युत्तर दायर करने के लिये मुक्त होता है। केस के तथ्यों पर भी निर्भर करते हुये तृतीय पार्टियों को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर दिया जाता है। पार्टियों द्वारा किये गये लिखित और मौखिक प्रस्तुतीकरणों की जांच करने और सुनवाई के दौरान प्रासंगिक रिकार्ड का अवलोकन करने के बाद फैसलों को उद्घोषित किया जाता है।

6.4 वर्ष 2011 के दौरान दण्ड देने की स्थिति:–

राज्य सूचना आयोग एक्ट के तहत दिये गये किसी भी दण्ड को लगाने या अवेदन को अस्वीकार करने की शक्ति रखता है। जहां पर किसी भी शिकायत या अपील का फैसला करते समय आयोग का यह मत है कि प्रथम दृष्टि में, सूचना के लिये एक आवेदन प्राप्त करने से इनकार कर दिया है या निर्धारित समय के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई है तो उस अवस्था में आयोग उत्तरवादी–एस.पी.आई.ओ. को कारण बताओ नोटिस जारी करता हुआ आर.टी.आई. एक्ट के सैक्सन 20(1) के तहत दण्डात्मक कानूनी कार्रवाई शुरू कर सकता है। एक्ट के प्रावधानों के अनुसार, उत्तरवादी एस.पी.आई.ओ. को कोई दण्ड लगाने से पूर्व उसे सुनवाई का एक समुचित अवसर प्रदान किया जाता है। यह सिद्व करने का भार कि उत्तरवादी एस.पी.आई.ओ. ने समुचित ढंग से और ईमानदारी से ध्यानपूर्वक काम किया है पदासीन अधिकारी पर होता है। अगर आयोग इस परिणाम पर पंहुचता है कि उत्तरवादी एस.पी.आई.ओ. ने समुचित ढंग से ईमानदारी से ध्यानपूर्वक काम नहीं किया है या दुर्भावनापूर्वक सूचना के लिये निवेदन को इनकार कर दिया है या जानबूझ कर गलत, अधूरी या पथभ्रामक सूचना दी है या सूचना को नष्ट कर दिया है या किसी भी तरह सूचना उपलब्ध करवाने में रूकावट डाली है तो इस अवस्था में आयोग दण्ड लगा देता है। वर्ष 2011 के दौरान 957 राज्य जन सूचना अधिकारियों या डीमड राज्य जन सूचना अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये। सुनवाई के बाद, 49 राज्य जन सूचना अधिकारियों/डीमड राज्य जन सूचना अधिकारियों पर 4,46,750 रूपये की राशि का दण्ड लगाया गया। रिपोर्टाधीन केसों का विवरण अनुबंध 'डी' पर संलग्न है।

6.5 सैक्सन 20(2) के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिशें:–

आयोग एक्ट के सैक्सन 20(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये दुराचारी अधिकारियों/कर्मचारियों जो बिना किसी समुचित कारण के राज्य सूचना अधिकारी को

समय पर और सम्पूर्ण सूचना देने में असफल होते हैं, यह सब केस के तथ्यों पर निर्भर है, के विरूद्व अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने के लिये सक्षम है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान सेवा नियमों के तहत गलती करने वाले 9 अधिकारियों/कर्मचारियों के लिये अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की गई। विस्तृत विवरण अनुबंध 'ई' पर संलग्न है।

6.6 <u>सैक्सन 19(8) (बी) के तहत प्रतिपूरक प्रदान करना</u> :

राज्य सूचना आयोग के पास, जन प्राधिकारी को इस बात के लिये आवश्यकता अनुभव करवाने की शक्तियां है कि वह शिकायतकर्ता की किसी हानि या अन्य सहन किये गये नुकसान के लिये उसे प्रतिपूरक प्रदान करे। आयोग ने 257 अपीलकर्ताओं को 5,25,984 रूपये की राशि का प्रतिपूरक प्रदान किया। प्रतिपूरक के केसों की सूची अनुबंध 'एफ' पर संलग्न है।

6.7 <u>न्यायालय के केसः–</u>

पीड़ित पार्टियों को आयोग के फैसलों के विरूद्व पंजाब एंव हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ में सिविल रिट याचिका दायर करने का अधिकार है। क्योंकि आयोग सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रावधानों तहत अपनी वैधानिक क्षमता में मामलों का फैसला करता है इसलिये इसने इसके वैधानिक फैसलों के विरूद्व 'याचिकाओं का प्रतिवाद' न करने का फैसला किया गया।

6.8 <u>राज्य सूचना आयोग में 'इनटर्नस' को स्वीकार करना</u> :

कुछ प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय और युवा कानून के विद्यार्थी–विद्यार्थियों को 'इनटर्नस' के रूप में स्वीकार करने और केसों का फैसला करते समय आयोग की कानूनी कार्रवाई का अवलोकन करने के लिये आयोग के पास आये। आयोग ने उनके सादर अनुरोधों को स्वीकार कर लिया। वर्ष 2011 के दौरान कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र के कानून विभाग ने दस उम्मीदवारों और प. बंगाल न्यायिक विज्ञान राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, कोलकता ने एक विद्यार्थी को 'इन्टर्नशिप' के लिये सिफारिश की।

6.9 <u>आयोग की वैबसाईट और ई–मेल पता</u> :–

आयोग की वैबसाईट www.cicharyana.gov.in प्रयोग के लिये तैयार है। शिकायतों और अपील केसों पर पारित किये गये आदेश और 'कॉज सूची' को वैबसाईट में प्रतिस्थापित किया जा रहा है। आयोग का ई–मेल पता ussichry@yahoo.co.in है।

6.10 **सूचना प्रौद्योगिकी (आई.टी)' इनेबलमैंट' के लिये केन्द्रीय सहायता:–**

कर्मचारी वर्ग कल्याण, जन शिकायत और पेंशन, कर्मचारी वर्ग कल्याण एंव प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार नई दिल्ली के केन्द्रीय मंत्रालय ने केन्द्रीय प्रायोजित प्लान स्कीम के तहत सूचनाधिकार अधिनियम के प्रभावशाली कार्यान्वयन के लिये "शक्तिशाली, क्षमता निर्माण और जागृति सृजन" के लिये पहल के तहत 'आई टी इनेबलमैंट' के लिये 30 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की है। इस स्कीम का उद्देश्य कम्प्यूटरज, वर्तमान वैबसाईट का स्तर बढ़ाना, फाईल खोज प्रणाली, एस एम एस के माध्यम से आवेदन की स्थिति रिकार्ड का 'डिजीटाईजेशन', विडियो कान्फ्रैंसिंग सुविधा की व्यवस्था करने के रूप में आयोग की संरचना को मजबूत बनाना है। भारत सरकार ने कुल स्वीकृत राशि 30 लाख रूपये का 70 प्रतिशत 21 लाख रूपये की राशि को जारी कर दिया है। विडियो कान्फ्रैंसिंग सुविधा शेष 30 प्रतिशत राशि को जारी करने की कमी के कारण पूरी नहीं की जा सकी।

अध्याय 7

अधिनियम के बारे में जागृति का सृजनः

7.1 सूचना अधिकार अधिनियम राज्य सरकार को जनता में विशेषकर अहितकारी सम्प्रदायों में जागृति पैदा करने के लिये और एक्ट के तहत वर्णित अधिकारों का कैसे उपयोग करने के बाबत कार्यक्रमों का विकास और आयोजित करने के लिये निर्देशित करता है। अधिनियम के सैक्सन 26 का उप सैक्सन 1(डी) सरकार पर जन प्राधिकारियों के राज्य जन सूचना अधिकारियों को प्रशिक्षित करने और जन प्राधिकारियों के प्रयोग के लिये प्रासंगिक प्रशिक्षण सामग्री जुटाने की जिम्मेदारी डालता है। आयोग ने अपनी पूर्वोत्तर रिपोर्टों में एक्ट को प्रभावशाली ढंग से लागू करने को सुनिश्चित करवाने के लिये जनता के प्रशिक्षण और जानकारी हेतु एक कार्यक्रम को शुरू करने का सुझाव दिया है। सरकार का जवाब निम्न प्रकार से हैः–

(क) ए.एस.पी.आई.ओस/एस.पी.आई.ओस/एफ.ए.ए के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम :–

राज्य सरकार ने इस बारे में हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान, हरियाणा, (हिप्पा) गुड़गांव को नोडल एजेंसी के रूप में पदासीन किया है। हिपा द्वारा पदासीन अधिकारियों जिसमें ए.एस.पी. आई.ओस/एस.पी.आई.ओस और एफ.ए.ए शामिल हैं को नियमित अन्तरालों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हिपा से प्राप्त आंकड़ो व तथ्यों के अनुसार, वर्ष 2011 के दौरान एजेंसी ने नियमितरूप से विभिन्न जन प्राधिकारियों के कर्मचारियों को संवेदनशील बनाने, प्रशिक्षित करने और उन्हें अधिनियम की अन्तरंग भावना को अच्छी तरह समझने के लिये प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का आयोजन किया है जैसा कि प्रशिक्षण 'डाटा' राज्य प्रशिक्षण संस्थान से प्राप्त हुआ है वह निम्न प्रकार से हैः–

वर्ष	समूहों की संख्या	प्रशिक्षण दिये गये कर्मचारियों की कुल संख्या	किया गया खर्च
2011	21	864	13.54 लाख रूपये

(ख) **डायरैक्टरी और यूजर गाईड का प्रकाशन :–**

आयोग ने अपनी प्रथम और द्वितीय रिपोर्ट में सिफारिश की कि अधिनियम के तहत सूचना की पहुंच तक अपने अधिकारों का प्रयोग करने के लिए नागरिकों की सहायता हेतु राजकीय भाषा में एक मार्गदर्शिका(गाईड) का संकलन करना चाहिए। पदासीन एस.ए.पी.आई. ओस/एस.पी.आई.ओस और एफ.ए.ए की एक निर्देशिका (डायरैक्टरी) तैयार करने की सिफारिश भी आयोग ने की । हिप्पा, गुड़गांव, राज्य प्रशिक्षण संस्थान ने वर्ष 2008 में आर. टी.आई.–एक्ट एक 'यूजर गाईड' और एक 'रैडी रैक्नर' के साथ राज्य के नागरिकों के प्रयोग करने के लिये एक निर्देशिका(डायरैक्टरी) का हिन्दी और अग्रेंजी में प्रकाशन किया। आयोग सिफारिश करता है कि जन प्राधिकारियों के पदासीन एस.ए.पी.आई.ओस/एस.पी.आई. ओस/एफ.ए.ए के परिवर्तनों के दृष्टिगत निर्देशिका का अध्यत्तन करने की आवश्यकता है।

अध्याय – 8

सुधार के लिए सिफारिशें

सूचनाधिकार अधिनियम, राज्य सूचना आयोग के साथ–2 जन प्राधिकारियों पर भी अधिनियम को प्रभावशाली ढंग से लागू करने के लिये उपायों का सुझाव देने की जिम्मेदारी डालते है। आयोग ने राज्य सरकार और जन प्राधिकारियों को निम्नलिखित सिफारिशें की हैं :–

(क) आयोग नोट करता है कि अधिनियम के सैक्सन 4 की परिपालना में सूचना की विषय–वस्तु और अध्यन्न की दृष्टि से मुख्य सुधार की आवश्यकता है। यह अवलोकन किया गया है कि राज्य सरकार के बार–2 निर्देशों के बावजूद जैसा कि एक्ट के सैक्सन 4(1)(बी) के तहत आदेशित किया गया है बहुत बड़ी संख्या में जन प्राधिकारियों ने सूचना को अपनी–2 'वैबसाईट' पर 'अपलोड' नहीं किया है। वैबसाईट का अध्यतन करना वह क्षेत्र है जहां जन प्राधिकारियों के मुखिया को संवेदनशील बनाने की और इसे आगे सुचारू ढंग से चलवाने के लिये जिम्मेदार बनाने की आवश्यकता है। सूचना का पहले ही सक्रिय ढंग से प्रकटीकरण पारदर्शिता और जवाबदेही की तरफ मार्ग को प्रशस्त करेगा। यह आर.टी.आई–प्रश्नों के जवाब देने वाले जनप्राधिकारियों के भार को भी कम करेगा। इस संबंध में जन प्राधिकारियों को निर्देश जारी करने और 'हाऊस मानिटरिंग प्रणाली' को स्थापित करने के लिये सरकार से निवेदन किया जाता है।

(ख) आयोग निश्चित समय के दौरान प्रशिक्षण संरचना को मजबूत बनाने और अपने एस.पी.आई. ओस/एफ.ए.ए/रिकार्ड के संरक्षको को प्रशिक्षित करने के लिये जन प्राधिकारियों के लिये कानूनन बाध्य करने की सिफारिश करता है। प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है। एक प्रशिक्षित पदासीन कर्मचारी जन प्राधिकारी के लिये एक सम्पत्ति होगा। इससे अपीलों और शिकायतों की संख्या में कमी आयेगी। नागरिक निश्चित रूप से लाभ के पात्र होंगे जब उनकी आर.टी. आई आवेदनों पर कुशलता और सही ढंग से कानूनी कार्रवाई होगी।

(ग) आयोग अपनी गत वार्षिक रिपोर्ट में की गई सिफारिश को दोहराता है कि अधिनियम को लागू करने के प्रति उनके व्यवहार पर टिप्पणी को रिकार्ड करने के लिये अधिकारियों की गोपनीय रिपोर्ट की रूपरेखा में एक विशेष स्तम्भ शामिल कर दिया जाये। एस.पी.आई.ओ और

प्रथम अपीलीय प्राधिकारी की स्वतः मूल्यांकन रिपोर्ट में आवेदनों/अपीलों की प्राप्त की गई और निपटाई गई संख्या की सूचना अवश्य सम्मिलित होनी चाहिये।

(घ) नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप बढ़ी हुई संवेदनशीलता के लिये राज्य जन सूचना अधिकारियों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। एस.पी.आई.ओ के प्रशिक्षण का एक वृहद दौर अधिनियम के तहत उन पर डाली गई जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिये सक्षम बनाने हेतु अवश्य ही चलाया जाये।

(ड़) आयोग सिफारिश करता है कि अधिनियम के सैक्सन 27 में दी गई शक्तियों को प्रयोग करके राज्य सरकार दण्ड के रूप में राशि की वसूली को मानिटर करने का एक तन्त्र स्थापित करती है। यह नोट किया गया है कि जन प्राधिकारियों उदाहरणतया शहरी स्थानीय निकाय, विकास एंव पंचायत, हुडा, शिक्षा आदि आयोग के आदेशों को अन्तिमरूप देने के बाद भी सरकारी कोष में दण्ड की राशि को जमा करवाने की परवाह तक नहीं करते।

(च) आयोग राज्य सरकार को सिफारिश करता है कि सूचना उपलब्ध करवाने हेतु सूचना के अधिकार के तहत जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिये जन प्राधिकारियों को पर्याप्त स्टाफ और बजट उपलब्ध करवाने की आवश्यकता है। प्रशासनिक तंत्र के जिला और खंड स्तरों पर मूलभूत संरचना जैसे स्टाफ, फोटोप्रति मशीनें, कम्प्यूटर आदि को मजबूत करने की जरूरत है। आर.टी.आई–एक्ट एक ऐसा कानून है जिसके कियान्वयन के लिये कड़ी समय सीमा है और देरियों के लिये संबंधित राज्य जन सूचना अधिकारी के ऊपर व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। जैसे ही एक्ट अधिक लोकप्रियता प्राप्त करता है तो आर.टी.आई आवेदनों की संख्या असाधरण रूप से बढ़ने की आशा की जाती है।

पारदर्शिता अधिनियम ने सभी स्तरों पर शामिल और सरकार के बीच हुये संबंध पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। इसने नागरिकगण को शक्तिवान बनाया है। सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 ने नागरिकों के बीच एक सुदृढ़ स्वामीत्व की भावना का संचार किया है जो अपने आप में अद्वितीय है।

रिकार्ड प्रबन्धन

अधिकतर जन प्राधिकारियों में रिकार्ड प्रबन्धन की दुर्दशा, समय–बद्व ढंग से सूचना उपलब्ध करवाने में जन सूचना अधिकारियों द्वारा एक मुख्य रूकावट का सामना करना पड़ रहा है।

आर.टी.आई–एक्ट,2005 का सैक्सन 4(1)(ए) प्रत्येक जन प्राधिकारी पर अपने रिकार्डो का समुचित ढंग से प्रंबंधन व तीव्रता से कम्प्यूटराईज करने की जिम्मेदारी डालता है। फिर भी, इस क्षेत्र में प्रगति बहुत धीमी है। राज्य सरकार की रिकार्ड को संजोयें रखने की समयसारणीं अनुसार सर्वोत्तम रिकार्ड प्रबन्धन के लिये रिकार्ड का वर्गीकरण करने के लिये पग उठाने की जरूरत है। जन प्राधिकारियों के अनुभागों में रिकार्ड को संजोयें रखने की समय–सारणी के अनुसार छटनी किये जाने वाले रिकार्ड के समेत सारे रैक भरे पड़े हैं जिससे सूचना मांगने वाले द्वारा मांगी गई सूचना को तलाश करना अत्यन्त कठिन हो जाता है। इससे 'डिजिटाईजेशन' का कार्य जैसा कि यह है उसकी अपेक्षा बहुत हतोत्साहित करने वाला बन जाता है।

राज्य की नोडल एजेंसियां सैक्सन 4 के प्रावधानों की परिपालना के लिये जिम्मेदार एक या अधिक जन सूचना अधिकारियों को पदासीन करने के लिये जन प्राधिकारियों को निर्देशित करना चाहिये। जन प्राधिकारियों विशेषकर वे जिनके जनता के साथ अधिक संबंध है और बड़ी संख्या में आर.टी.आई–आवेदन प्राप्त कर रहे हैं उनको निश्चित समय–2 के अन्तरालों पर विभिन्न प्रकार की सूचना जो प्रायः रखनी चाहिये तथा सुनिश्चित करना चाहिये कि यह स्वतः ही उपलब्ध करवाने के लिये सकिय हो। सूचना का स्वतः प्रकटीकरण प्रवर्धित पारदर्शिता और जवाब देही की तरफ मार्ग प्रशस्त करेगा और आर.टी.आई–प्रश्नों के जवाब देने में जन प्राधिकारियों के कार्यभार को कम करेगा।

आर.टी.आई–अपीलकर्ताओं द्वारा मांगी गई सूचना का एक सन्तुलित पुर्न–निरीक्षण जन प्राधिकरण के अन्दर सुव्यवस्थित उपयोगी हो सकता है।

अनुबंध – 'क'

हरियाणा सरकार
प्रशासनिक सुधार विभाग
अधिसूचना

संख्या 99/सी.ए 22/2005/एस 27/2009 – सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (2005 का अधिनियम 22) की धारा 27 की उप–धारा (2) के साथ पठित उप–धारा (1) द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हरियाणा के राज्यपाल, उसके द्वारा उक्त अधिनियम के अधीन सूचना उपलब्ध कराने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :–

संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ

1. (1) ये नियम हरियाणा सूचना अधिकार नियम, 2009 कहे जा सकते हैं।

(2) ये प्रथम जनवरी, 2010 से लागू होंगे।

परिभाषाएं

2. (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, – –

(क) "अधिनियम" से अभिप्राय है, सूचना का अधिकार, अधिनियम, 2005 (2005 का अधिानियम 22);

(ख) "आयोग" से अभिप्राय है, हरियाणा सूचना आयोग;

(ग) "आदर्श प्ररूप" से अभिप्राय है, इन नियमों से संग्लन आदर्श प्ररूप;

(घ) "धारा" से अभिप्राय है अधिनियम की धारा ।

(2) इन नियमों में प्रयुक्त शब्दों तथा अभिव्यक्तियों, किन्तु परिभाषित नहीं है के वही अर्थ होंगे जो इन्हें अधिनियम में दिए गए हैं।

सूचना प्राप्त करने के लिए आवेदन – धारा 2 (ड), 6 तथा 27

3. (1) कोई व्यक्ति, जो अधिनियम के अधीन अनुज्ञेय कोई सूचना प्राप्त करना चाहता है, इन नियमों के नियम 5 के उप–नियम (1) में यथा विनिर्दिष्ट फीस के साथ राज्य लोक सूचना अधिकारी को प्ररुप 'क' में आवेदन करेगा ।

(2) उप–नियम (1) के अधीन मिल गए आवेदन के प्राप्त होने पर, राज्य सूचना अधिकारी/राज्य सहायक लोक सूचना अधिकारी, आवेदन को इसके टोकन की रसीद देगा ।

फीस जमा करना अधिनियम की धारा 6

4. (1) फीस राज्य लोक सूचना अधिकारी के पास या तो उचित रसीद सहित नगदी में या बैंक ड्राफट द्वारा, भारतीय पोस्टल आर्डर द्वारा या खजाना चालान द्वारा निम्नांकित शीर्ष में जमा करवाई जायेगी: –

मुख्य शीर्ष	...	0070 – अन्य प्रशासनिक सेवाएं
उप – मुख्यशीर्ष	...	60 – अन्य सेवाएं
लघु शीर्ष	...	800 – अन्य प्राप्तियां
उप – शीर्ष	...	86 – शुल्क सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत
विस्तृत शीर्ष	...	0070 – अन्य प्रशासनिक सेवाएं – 60 – अन्य सेवाएं – 800 – अन्य प्राप्तियां – 86 – शुल्क सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत.

(2) शुल्क की राशि उप–नियम (1) में संदर्भित शीर्षक में जमा की जाएगी: परन्तु राज्य के बोर्ड, निगम एवं अन्य स्वायत निकाय आवश्यक शुल्क को अपने द्वारा बनाए गए खातों में जमा करवा सकते हैं ।

(3) नियम 3 के उपनियम (1) के अधीन प्रस्तुत किए गए आवेदन के प्राप्त होने पर, राज्य लोक सूचना अधिकारी आवेदन की समीक्षा करेगा तथा निर्धारित करेगा कि फीस सूचना प्राप्त करने के लिए आवेदक द्वारा संघ की जानी अपेक्षित है ।

(4) उप–नियम (3) के अधीन निर्धारित फीस की धारा 7 की उप धारा (1) के अधीन विनिर्दिष्ट समय के भीतर सूचना देने को सुनिश्चित करने के लिए आदर्श प्ररूप 'ख' में राज्य लोक सूचना अधिकारी द्वारा शीघ्रता से आवेदक को सूचित की जाएगी ।

(5) यदि आवेदक उप–नियम (4) के अधीन उसको दी गई सूचना के जारी होने के बाद पन्द्रह दिनों की अवधि के भीतर अपेक्षित फीस जमा करवाने में असफल रहता है, तो यह अनुमान लगाया जाएगा कि आवेदक चाही गई सूचना प्राप्त करने में दिलचस्पी नहीं रखता है, और उसका आवेदन फाइल कर दिया गया समझा जाएगा ।

फीस की प्रमात्र धारा 6 तथा 7

5. (1) धारा 6 की उप–धारा (1) के अधीन सूचना प्राप्त करने के लिए आवेदन के साथ 50/– रूपये की फीस के साथ होगा।

(2) धारा 7 की उप–धारा (1) के अधीन सूचना उपलब्ध करवाने के लिए, आवेदक से निम्नलिखित दरों पर फीस प्रभारित की जाएगी, अर्थातः–

(क) ए–4 या ए–3 आकार के कागज पर बनाई गई प्रतिलिपि के प्रत्येक पृष्ठ के लिये 2/– रूपये; तथा

(ख) यदि सूचना खण्ड (क) में विनिर्दिष्ट से भिन्न बडे आकार के कागज पर उपलब्ध करवाई जाती है, तो वास्तवित लागत प्रभारित की जाएगी।

(3) धारा 7 की उप–धारा (5) के अधीन सूचना उपलब्ध कराने के लिए आवेदक से निम्नलिखित दरों पर फीस प्रभारित की जाएगी, अर्थात्:–

(क) फलोपी में सूचना प्राप्त करने के लिए 50/– रूपये;

(ख) डिस्किट में सूचना प्राप्त करने के लिए 100/–रूपये:–तथा

(ग) यदि चाही गई सूचना वैसे स्वरूप की है, जो कि मुद्रित दस्तावेज में है, जिसका मूल्य नियत किया गया है, तब वह सूचना उस मुद्रित दस्तावेज के लिए नियत मूल्य प्रभारित करने के बाद उपलब्ध कराई जाएगी । तथापि, यदि, केवल ऐसे मुद्रित दस्तावेज का उदाहरण या पृष्ठ मांगा गया है, तब 10/– रूपए प्रति पृष्ठ की फीस प्रभारित की जाएगी ।

(4) अभिलेख के निरीक्षण के लिए कोई भी फीस प्रभारित नहीं की जाएगी यदि ऐसा निरीक्षण केवल एक घण्टे के लिए किया गया है तथापि, यदि निरीक्षण एक घण्टे से अधिक की अवधि के लिए किया गया है तब प्रथम घण्टे से अधिक प्रत्येक पन्द्रह मिनट के लिए 10/– रूपए की फीस प्रभारित की जाएगी । उपरोक्त पन्द्रह मिनट की अवधि का प्रत्येक अंश पन्द्रह मिनट की पूर्ण अवधि के रुप में अनुमानित किया जाएगा तथा यह पन्द्रह मिनट की संपूर्ण अवधि के रुप में प्रभारित किया जाएगा ।

अपील प्राधिकारियों के समक्ष अपील की प्रक्रिया धारा 19(1) तथा (3)

6. (1) अपील के ज्ञापन में निम्नलिखित सूचना होगी, अर्थात :–

(क) अपीलार्थी का नाम व पता, जिसमें दूरभा ।/मोबाईल नम्बर/ई–मेल पता, यदि कोई हो, सम्पर्क का विवरण शामिल हो;

(ख) राज्य लोक सूचना अधिकारी या राज्य सहायक लोक सूचना अधिकारी, जैसी भी स्थिति हो, कार्यालय पदनाम तथा पता;

(ग) प्रथम अपील प्राधिकारी का सरकारी पद तथा पता जिसके निर्णय के विरूद्व अपील दायर की गई है;

(घ) संख्या, यदि कोई हो, सहित आदेश के विवरण जिसके विरूद्व अपील की गई है;

(ड) अपील में जाने के लिए संक्षिप्त तथ्य;

(च) प्रार्थना या चाही गई राहत;

(छ) प्रार्थना या राहत के लिए आधार;

(ज) अपीलार्थी द्वारा सत्यापन; तथा

(झ) अन्य कोई सूचना जो आयोग अपील नि र्य करने हेतू आवश्यक समझें ।

(2) अपीलार्थी सरकारी प्रयोजन के लिए अपील के ज्ञापन की तीन प्रतियां पेश करेगा ।

(3) आयोग को की गई प्रत्येक अपील निम्नलिखित दस्तावेजों सहित होनी चाहिए, अर्थात :–

(क) आदेशों या दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित प्रतियां जिसके विरूद्व अपील दायर की जानी है;

(ख) अपीलार्थी द्वारा अपील में निर्दिष्ट किए गए विश्वसनीय दस्तावेजों की प्रतियां;और

(ग) अपील में निर्दिष्ट किए गए दस्तावेजों की सूची;

परन्तु मामले के पूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत न किए जाने पर अपील खारिज नहीं की जाएगी लेकिन औपचारिकताएं पूर्ण करने हेतु अपीलार्थी को कहा जाएगा ।

अपील नि र्य करने में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया धारा 19 (10)

(7) अपील का नि र्य करने से पूर्व आयोग, :–

(क) सम्बद्ध व्यक्तियों को नोटिस तामील करेगा;

(ख) अपील के सर्मथन में कोई साक्ष्य लेगा, जो सम्बद्ध व्यक्तियों से मौखिक या लिखित रुप में लिया जा सकता है;

(ग) सम्बद्ध व्यक्तियों से शपथ पर या शपथ पत्र लेते हुए निरीक्षण करेगा;

(घ) दस्तावेजों या किन्हीं अभिलेखों या उनकी प्रतियों को पेश करेगा या निरीक्षण करेगा;

(ड) किसी अपील के तथ्यों को प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से जांच करेगा या विस्तार में तथ्यों की अपेक्षा करेगा यदि ऐसा समुचित प्रतीत हो, राज्य लोक सूचना अधिकारी या किसी अन्य वरिष्ठ अधिकारी जिसने प्रथम अपील का निर्णय किया था जैसी भी स्थिति हो, की सुनवाई करेगा; तथा

(च) राज्य लोक सूचना अधिकारी या किसी वरिष्ठ अधिकारी, जिसने प्रथम अपील का निर्णय किया था या कोई अन्य व्यक्ति जिससे साक्ष्य आवश्यक समझा जाए, से शपथ–पत्र पर साक्ष्य प्राप्त करेगा।

नोटिस के तामील का ढंग
धारा 19(10)

8. आयोग सम्बद्ध व्यक्तियों को निम्नलिखित ढंगों में से किसी एक में नोटिस तामील कर सकता है, अर्थात् :–

(क) आदेशिका तामीलकर्ता के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से (दस्ती);

(ख) रजिस्टर्ड डाक, स्पीड पोस्ट, पोस्टल प्रमाण–पत्र, के अधीन, कूरियर या ऐसे ही अन्य साधनों द्वारा;

(ग) इलेक्ट्रॉनिक मेल द्वारा, यदि ई–मेल पता दिया गया हो; या

(घ) समाचार–पत्र में प्रकाशन द्वारा।

अपीलार्थी या शिकायतकर्ता की व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति
धारा (19)

9. अपीलार्थी या शिकायतकर्ता को, जैसी भी स्थिति हो, सुनवाई की तारीख से कम से कम पन्द्रह दिन ठीक पूर्व सूचित किया जाएगा। यदि शिकायतकर्ता/अपीलार्थी सुनवाई की तिथि को उपस्थित होने में असफल रहता है तो आयोग मामले का गुणागुण आधार पर निर्णय करेगा:

परन्तु जहाँ आयोग की संतुष्टि हो गई है कि ऐसी परिस्थितियांविद्यमान है जिनके कारण शिकायतकर्ता/अपीलार्थी को आयोग की सुवाई में उपस्थित होने से रोका गया है तब वह शिकायतकर्ता/अपीलार्थी को अन्तिम निर्णय देने से पूर्व सुनवाई के लिये दूसरा अवसर प्रदान कर सकता है।

आयोग द्वारा आदेश
धारा 19(10)

10. (1) आयोग लिखित में आदेश करेगा तथा सम्बद्ध पक्षकारों की उपस्थिति में उसे सुनाएगा।

(2) सम्बद्ध पक्षकार, आयोग से, आदेश की प्रति प्राप्त कर सकता है।

निरसन, तथा व्यावृति.

11. हरियाणा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005, इसके द्वारा, निरसित किए जाते हैं:

परंतु इस प्रकार से निरसित नियमों के अधीन किया गया कोई आदेश या की गई कोई कार्रवाई, इन नियमों के अनुरूप उपबन्ध के अधीन किया गया आदेश अथवा की गई कार्रवाई समझी जाएगी।

आदर्श प्ररूप 'क'

{देखिए नियम 3 (1)}

सेवा में

राज्य लोक सूचना अधिकारी/

राज्य सहायक लोक सूचना अधिकारी,

(पते सहित कार्यालय का नाम)

(1) आवेदक का पूरा नाम

(2) पता

(3) अपेक्षित सूचना के विवरण–

(i) सूचना की विषय–वस्तु*

(ii) अवधि जिससे सूचना सम्बन्धित**

(iii) अपेक्षित सूचना का वर्णन***

(iv) क्या सूचना डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप में अपेक्षित है(वास्तविकता डाक प्रभार अतिरिक्त फीस में शामिल होंगे)

(v) यदि डाक द्वारा (सामान्य, रजिस्टर्ड या स्पीड पोस्ट)

स्थानः

तिथिः

* **निर्दिष्ट किये जाने वाले विषय का विस्तृत प्रवर्ग (जैसा कि अनुदान/सरकारी भूमि/ सेवा मामले/ अनुज्ञप्तियां इत्यादि)।**

** **सम्बद्ध अवधि जिसके लिए सूचना निर्दिष्ट की जानी अपेक्षित है।**

*** **सूचना के विशिष्ट विवरण निर्दिष्ट किये जाने अपेक्षित है।**

पावती

आपका आवेदन दिनांक..... डायरी संख्या .....दिनांक..... द्वारा प्राप्त हुआ।

लोक सूचना अधिकारी/राज्य सहायक

लोक सूचना अधिकारी के हस्ताक्षर

(विभाग/कार्यालय का नाम).....

आदर्श प्ररूप 'ख'

{ देखिए नियम 4(4) }

प्रेषक

राज्य लोक सूचना अधिकारी का पदनाम।

सेवा में

आवेदक का नाम

आवेदक का पता।

महोदय,

1. कृपया सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन सूचना के लिए निम्न हस्ताक्षरित को सम्बोधित किए गए आपके आवेदन दिनांक.....के संदर्भ में।
2. यह सूचना भेजने के लिए अतिरिक्त फीस .....रूपये है।
3. आपको हरियाणा सूचना का अधिकार नियम, 2009 के नियम 4 के उप–नियम (1) में यथावर्णित किसी एक ढंग के माध्यम से अर्थात् या तो उचित रसीद के साथ नकदी में, बैंक ड्राफ्ट द्वारा, भारतीय पोस्टल आर्डर द्वारा या खजाना चालान द्वारा भुगतान करने का अनुरोध किया जाता है, तथा इस कार्यालय को उसके सबूत की एक प्रति भेजने के लिए अनुरोध किया जाता है ताकि आपको अपेक्षित सूचना दी जा सके।
4. यदि आप उपरोक्त अनुमान से असन्तुष्ट हैं तो आपको अपीलीय प्राधिकारी..... (विभाग का नाम) के सम्मुख अपील प्रस्तुत करने के लिए अनुरोध किया जाता है।

राज्य लोक सूचना अधिकारी

उर्वशी गुलाटी,
मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार।

अनुबंध – 'ख'

अवधि 1.1.2011 से 31.12.2011 सूचना के अधिकार अधिनियम – 2005 के अंतर्गत सूचना हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्र एंव उनके निपटान का रजिस्टर

कमांक	लोक प्राधिकरण का नाम	प्राप्त प्रार्थना पत्रें की संख्या	अधिनियम में निहित व्यवस्थाओं अनुसार (संक्षिप्त कारणों सहित) अस्वीकार प्रार्थना पत्रों की संख्या		सूचना का अधिकार अधिनियम के उल्लंघन के कारण किसी भी अधिकारी के खिलाफ की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई		प्राप्त शुल्क राशि (रूपयों में)		इस अधिनियम के प्रबंध, भावना व आश्य हेतु लोक प्राधिकरणों द्वारा किये गये प्रयत्नों की वास्तविक रिपोर्ट	इस अधिनियम के विकास/उत्थान/नवीनीकरण/सुधार संशोधन अथवा अन्य कानून निर्माण व सामान्य नियम या किसी अन्य बात जो कि सूचना के अधिकार अधिनियम के अनुरूप हो और उन पर की गई कार्यवाही संबंधी अगर कोई संस्तुति प्राप्त हुई हो।
	1	2	3		4		5		6	7
			क	ख	क	ख	क	ख		
			धारा 8 के अंतर्गत	धारा 9 के अंतर्गत	आयोग की सिफारिश पर	अन्यथा	आवेदन की फीस 6(1)	अभिलेखों की फीस 7(3)		
विभागाध्यक्ष										
1	कृषि निदेशक	309	2	0	0	0	12515	3834	जन प्राधिकारियों द्वारा इस एक्ट को लागू करने के सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं।	–
2	सी0आई0डी0 (ए0डी0जी0पी0 सी0आई0डी0(एच0)	122	47	0	0	0	4450	341	–	–
3	विकास एंव पंचायतें (निदेशक)	270	0	0	0	0	4755	342	–	–

4	स्कूल शिक्षा (निदेशक)	5149	0	0	0	0	11540	5000	–	
5	प्रारम्भिक शिक्षा विभाग (निदेशक)	1762	0	0	0	0	22429	1239	अपीलीर्थियों को आर.टी.आई.एक्ट, 2005 से संबंधित जानकारी एंव मार्गदर्शन प्रदान किया गया।	–
6	चुनाव (चुनावी प्रमुख)	388	0	2	0	0	7246	4373	आर.टी.आई नियम के अनुसार समय पर जानकारी प्रदान की गई।	
7	विद्युतीय एंव सूचना प्रोंद्यौगिकी (निदेशक)	30	0	0	0	0	550	442	एक्ट के कार्यान्वयन के लिये भरसक प्रयास किये गये।	–
8	रोजगार (निदेशक)	124	1	2	0	0	4850	246	0	–
9	स्वास्थ्य सेवाएं (निदेशक)	1425	सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत अपेक्षित फीस से कम फीस का भुगतान करने के कारण पांच आवेदनों को अस्वीकार कर दिया गया।	0	0	0	85117	898	जन प्राधिकारियों द्वारा इस अधिनियम की भवना और मंशा को लागू करने के लिये भरसक प्रयास किये जा रहे हैं।	–
10	ई.एस.आई (निदेशक)	73	0	0	0	0	2485	440	अधिनियम के कार्यान्वयन के लिये प्रयास किये गये ।	–
11	गृह रक्षी एंव नागरिक सुरक्षा (सामान्य नियंत्रण)	76	0	0	0	0	1550	1911	जन सूचना अधिकारी और APIO's हर जिले में नियुक्त किये गये है व उन्हें अधिनियम के प्रावधान का कड़ाई से अनुपालन करने का निर्देश दिया गया।	–

12	बागवानी विभाग (निदेशक)	127	5	4	1	3	4250	3798	0	8048
13	सत्कार विभाग (निदेशक)	8	0	0	0	0	50	50	इस अधिनियम की भावना व मंशा को लागू करने के लिये रिपोर्टे व्यवस्थापक के तहत वास्तविक तथ्यों पर आवेदक को उपलब्ध कराई गई।	–
14	उद्योग एंव वाणिज्य(निदेशक)	569	8	0	500	9890	23228	11588	–	–
15	विधि एंव विधयी विभाग (एल0आर0 एवं सचिव)	42	0	0	0	0	820	1120	–	–
16	खान एंव भूविज्ञान विभाग (निदेशक)	126	0	0	0	0	4490	2667	–	–
17	पुलिस विभाग (सामान्य निदेशक)	17782	305	7	0	0	728739	175233	–	–
18	लोक निमार्ण विभाग (बी0 एंड आर0)(ई0आई0सी)	1600	1	0	9	0	36593	23731	इस अधिनियम की भावना और मंशा को लागू करने के लिये भरसक प्रयास किये जा रहे हैं।	
19	ग्रामीण विकास विभाग (निदेशक)	157	0	0	0	0	3300	965	–	–
20	विज्ञान एंव तकनीकी विभाग (निदेशक)	24	0	0	0	0	300	472	–	–
21	खेल एंव युवा कल्याण (निदेशक)	96	0	0		4203	356	0	–	–
22	आपूर्ति एंव निपटान विभाग (निदेशक)	18	0	0	0	0	900	7598	–	–

23	तकनीकी शिक्षा विभाग (निदेशक)	1082	0	0	0	0	24887	10051	1. धारा 4(1) की उप धारा (बी0) की आवश्यकताओं के अनुसार वेबसाईट पर रखते हुये जनता को अधिक से अधिक सूचना उपब्धत करवाने के लिये कदम उठाये गये हैं। 2. सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना उपलब्ध करवाने के लिये मुख्यालय व क्षेत्रीय कार्यालयों में राज्य जन सूचना अधिकारियों को पदासीन किया गया है। 3. आर.टी. आई –एक्ट के अन्तर्गत पदासीन राज्य जन सूचना अधिकारियों के नाम नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध करवाये गये है। 4. आर.टी.आई आवेदन और हरियाणा आर.टी.आई नियम 2005/2009 के अनुसार शुल्क की मात्रा का स्वरूप भी जानकारी चाहने वालों की सुविधा के लिये नोटिस बोर्ड पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है। 5. इस अधिनियम के तहत सूचना निर्धारित समय अर्थात् 30 दिनों के अन्दर प्रदान की जा रही है।	–

24	नगर एंव ग्राम आयोजना	350	0	0	0	0	17938	4539	नियमो के तहत अनुपालना की जाती है और केसों का निपटारा कर दिया गया है। एक्ट को प्रभावी ढ़ंग से लागू करने के लिये ईमानदारी से प्रयास किये गये।	
25	परिवहन आयुक्त	1896	धारा 18 के अंतर्गत 3	धारा 19 के अंतर्गत 6	1	3	47530	1096	आर.टी.आई. एक्ट की मंशा व भावना को लागू करने के लिये प्रत्येक आवेदन पर अपीलार्थियों को समय पर सूचना उपलब्ध करवाई गई।	अधिकतर सूचना ड्राईविंग लाईसंस बारे और गाड़ी के स्वामित्व तथा पंजीकरण से संबंधित होती है। अतः उक्त मामले से संबंधित सूचना देश की विभिन्न माननीय अदालतों जिनमें मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के तहत अधिवक्ता संलग्न किये जाते हैं द्वारा दी जा सकती है। परन्तु कई मामलों में कार्यकर्तो द्वारा यह सूचना मांगी जाती है कि इस कार्यालय की स्थापना की तिथि से कितने ड्राईविंग लाईसेस तथा पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी किये गये हैं और किस प्रकार की कितनी गाड़ियां पंजीकृत की गई है। वास्तव में यह सूचना उनसे संबंधित नही होती। यह केवल सार्वजनिक निपटान कार्यालयों में नियुक्त अमले को परेशान करने वाली होती है। भारत सरकार का उद्देश्य वास्तविक जरूरतमंद प्रार्थी को सूचना का अधिकार प्रदान करना है इसलिये इस बारे में माननीय सूचना आयोग को कुछ सुझाव दिये जायें।

26	राज्य परिवहन नियत्रंक (राज्य परिवहन)	537	0	0	0	0	11940	3969	मुख्य कार्यालय तथा जन सूचना अधिकारियों द्वारा समय –2 पर दिये गये निर्देशों के अनुसार आर.टी.आई एक्ट को लागू करने के लिये प्रयास किये गये।	
27	शहरी स्थानीय निकाय (निदेशक)	2022	255	0	0	0	91960	19889	इस अधिनियम की प्रकिया की उपयोगिता के बारे में स्टाफ को अवगत किया गया तथा इसे नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किया गया है ताकि इस कार्यालय का दौरा करने वाली जनता को अधिनियम की उपयोगिता के बारे में सिखाया जा सके है और इस एक्ट के तहत सूचना प्राप्त करने की प्रकिया का भी ज्ञान दिया जा सके।	–
